**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 16 मार्च 2025, समय 1305 (05 मिनट)**

भारतीय मानक ब्यूरो- बीआईएस ने लखनऊ, गुरूग्राम और दिल्ली जैसे कई शहरों में अमेजॉन और फ्लिपकार्ट समेत कई प्रमुख ई-कामर्स प्लेटफार्म के अनेक गोदामों पर तलाशी और जब्ती अभियान चलाया है। इस अभियान का उद्देश्य असुरक्षित और अप्रमाणित उत्पादों के वितरण पर रोक लगाना है। मानक ब्यूरो ने निगरानी के दौरान पाया है कि अमेजॉन, फ्लिपकार्ट, मीशो, मायंत्रा और बिग बासकेट के ई-कामर्स प्लेटफार्म पर अनेक अप्रमाणित उत्पाद बेचे जा रहे हैं। हालांकि इन उत्पादों पर बीआईएस चिन्ह अनिवार्य है। इन उत्पादों पर आईएसआई चिन्ह नहीं है या अवैध पंजीकरण नम्बर के साथ आईएसआई का चिन्ह लगा हुआ है। ये अप्रमाणित उत्पाद उपभोक्ता की सुरक्षा के लिए खतरा हैं क्योंकि इनका परीक्षण किसी स्वतंत्र तीसरे पक्ष ने नहीं किया है। भारतीय मानक ब्यूरो ने उपभोक्ताओं से ऐसे उत्पादों की सूचना देने के लिए बीआईएस केयर ऐप का उपयोग करने का अनुरोध किया है। यह ऐप उपभोक्ताओं को उत्पाद के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराता है।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि गीता के उपदेशों में ही पूरे विश्व की चिंता, भय, आतंकवाद व तनाव सहित तमाम समस्याओं का समाधान निहित है। इन उपदेशों के माध्यम से ही विश्व को एक मंच पर लाया जा सकता है। मुख्यमंत्री कल लाडवा हिन्दु हाई स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग के शुभारंभ पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्व की तमाम चुनौतियों का सामना करने के लिए इस दिव्य ग्रंथ से ज्ञान और कर्म करने का संदेश मिलता है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने पवित्र ग्रंथ गीता का पूजन कर आरती की और गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने दिव्य गीता सत्संग के लिए 21 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। कार्यक्रम के उपरांत पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए हिसार हवाई अड्डे को शुरू करने के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण से अनुमति मिलने पर उन्होंने कहा

एक अन्य सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट सोमवार को प्रस्तुत किया जाएगा। यह गरीब, किसानों, महिलाओं और युवाओं सहित हर वर्ग के कल्याण का बजट होगा।

**************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आगामी मानसून के मौसम में राज्य में जलभराव रोकने के लिए सभी उपायुक्तों को अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों से गार

निकलवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री कल चंडीगढ़ में हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की **56**वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी भी शामिल हुई। उन्होंने उपायुक्तों से बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करने और समयबद्ध तरीके से इन परियोजनाओं को पूरा करवाने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना में कोई कमी पाए जाने या किसी प्रकार की देरी होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने अल्पावधि योजनाओं के साथ-साथ पंपों की खरीद तुरंत शुरू करने के निर्देश भी दिए। बोर्ड की बैठक में राज्य में बाढ़ नियंत्रण के लिए **657** करोड़ 99 लाख रुपये की **352** योजनाओं को मंजूरी दी गई।

**************************************************************************

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों को कृषि में नवीनतम तकनीकों को अपनाने का आहवान किया है।वह कल यमुनानगर जिले में डामल स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति उप योजना के तहत पादप आनुवंशिक संसाधनों के प्रबंधन पर आयोजित किया गया था। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की जानकारी भी साझा की। कृषि मंत्री ने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों को नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्रदान करना है, जिससे वे अपनी खेती में सुधार कर सकें। उन्होंने किसानों से परंपरागत खेती की तरफ लौटने की अपील की। उन्होंने कहा कि जैविक और प्राकृतिक खेती को अपनाने से न केवल रसायन मुक्त भोजन प्राप्त होगा, बल्कि वातावरण भी स्वच्छ रहेगा। उन्होंने कहा कि इससे भूमि की उर्वरा शक्ति को बनाए रखने के लिए भूमि में मौजूद मित्र जीवों को भी बचाया जा सकेगा। इस अवसर पर विधायक घनश्यामदास अरोड़ा ,हिसार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति बी.आर. कंबोज और विस्तार शिक्षा के निदेशक डॉ. बलवान सिंह भी मौजूद रहे।

**************************************************************************